## महत्वपूर्ण एवं खास

### दसवीं बोर्ड के विज्ञान परीक्षा संपन्न, 19 हजार 981 परीक्षार्थियों में 1175 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 10 मार्च को विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिले में 19 हजार 981 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 18 हजार 806 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 1175 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन हेतु एक दिवसीय शिविर 11 मार्च को

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के समस्त खाद्य थोक, फुटकर, वितरक, विनिर्माता, ठेलों, गुमटी इत्यादि खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य पंजीयन/अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुये 11 मार्च 2022 को कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भगवानपुर जिन्दल रोड रायगढ़ में सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्प में ऐसे समस्त छोटे/बड़े खाद्य कारोबारी जो पर्याप्त जानकारी के अभाव में खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने में असमर्थ हैं उनको कैम्प की सहायता से अनुज्ञप्ति/पंजीयन बनवाने में पूरी सहायता की जावेगी। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची जैसे पहचान पत्र की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज 01 फोटो आवश्यक है।

### 4 जोड़ी एक्सप्रेस गाडिय़ों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 04 जोड़ी एक्सप्रेस गाडिय़ों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा बिलासपुर से दिनांक 10,12,17 एवं 19 मार्च 2022 को तथा बीकानेर से दिनांक 13,15,20 एवं 22 मार्च 2022 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 20843/20844 बिलासपुर-भगतकीकोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा बिलासपुर से 14 व 15 मार्च 2022 को तथा भगतकीकोठी से 17 व 19 मार्च 2022 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा कोरबा से 12 मार्च 2022 को तथा अमृतसर से 14 मार्च 2022 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 13 व 15 मार्च 2022 को तथा कानपुर से 14 व 16 मार्च 2022 को उपलब्ध रहेगी।

### पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबर से राजधानी के पेट्रोल पंपों में लगी भीड़

**रायपुर (आरएनएस)।** आज यानी कि 10 मार्च को पांच राज्यो में हुए चुनावो के नतीजों के बाद ऐसा माना जा रहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। इसकी खबर लगातार शोसल मीडिया में फैली थी जिसमे कहा गया था कि चुनावी नतीजो के बाद पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि होगी,आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कई पेट्रोल पंपों में इसके डर से लोगो की भीड़ दिखाई पड़ी। लोग अपने अपने वाहनों की टंकियों को फूल करते हुए नजऱ आए, जयस्तंभ चौक, शंकरनगर,टिकरापारा रिंग रोड स्थित पेट्रोल पम्पो में भी यही स्थिति दिखाई दी।

# कुपोषण मुक्त पंचायतों की संख्या और बढ़ाने पर करें फोकस : कलेक्टर

**❍ कुपोषण मुक्ति के लिए किये जा रहे कार्यों से 19 पंचायत हुए शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त, 426 पंचायतों में कुपोषण की दर 10 प्रतिशत से नीचे आयी**

**❍ कलेक्टर सिंह ने ली महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक**





**रायगढ़।** बच्चों में कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए लगातार कार्य करें, जिले में जितने भी बच्चे कुपोषित है, उनके घर-घर जाए उनके पालकों से मिलकर उनकी काउंसिलिंग करें और बच्चों को सुपोषित बनाने आंगनवाड़ीवॉर कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करें। ताकि रायगढ़ जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को हम जल्द प्राप्त कर सकें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि जिले के 19 पंचायत शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त हो चुके, 426 पंचायतों में कुपोषण की दर 10 प्रतिशत से नीचे जा चुकी है। यह सराहनीय बात है। इन पंचायतों के लिए विशेष योजना के साथ कार्य करने पर जल्द ही ये भी शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त होंगे।

कलेक्टर सिंह ने माह सितम्बर से फरवरी 2022 तक में कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी लाने वाले टॉप 10 सेक्टरों की जानकारी ली। जिनमें से तमनार के सराईडीपा एवं पुसौर के डुमरमुड़ा सेक्टर का अच्छा प्रदर्शन रहा। इस दौरान कलेक्टर सिंह उक्त सेक्टर के सुपरवाईजर से उनके कार्यशैली के बारे में पूछा तो उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। साथ ही इस दौरान अपेक्षानुरुप काम नही करने वाले खरसिया के बर्रा सेक्टर सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने कहा। कलेक्टर सिंह ने महिला बाल विकास अधिकारी को कहा कि जिन-जिन सेक्टरों में कुपोषण के मामले अभी भी अधिक हैं वहां विशेष मॉनिटरिंग करें। यहां यदि कोई समस्या है तो तत्काल उसका निराकरण किया जावे। उन्होंने कहा कि 3-6 वर्ष के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी में चावल खिलाया जाना है। जहां भी चावल की कमी है उसकी सूचना तत्काल मुझे दें। घरघोड़ा में जो बच्चे लाभान्वित नहीं हो पाए है और जो आंगनबाड़ी तक पहुंच नहीं पा रहे है, उन्हें वहां तक लाने की व्यवस्था करें। बैठक के दौरान उन्होंने कुपोषण मुक्ति के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की और सभी सीडीपीओ से उनके काम के बारे में जानकारी ली। कुछ सीडीपीओ द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दिए जाने पर कलेक्टर सिंह ने गहरी नाराजगी जतायी और उन्हें अपने काम में कसावट लाने के निर्देश दिए। जिन सीडीपीओ का प्रदर्शन कमजोर है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान राज्य सरकार द्वारा नए कौशल्या मातृत्व योजना एप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुपोषण मुक्ति की दिशा में सतत् रूप से कार्य करने हेतु जिले में डीएमएफ फंड से आंगनबाड़ी सेक्टरों में मुर्गीपालन का काम बढ़ाने बैक यार्ड पोल्ट्री बांटे गये है। जिससे स्थानीय स्तर पर ही अंडों का उत्पादन बढ़े और आंगनबाड़ी में इसकी आपूर्ति की जा सके।

कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान बाल संदर्भ शिविर की सेक्टरवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह एक सेक्टर में एक शिविर होना आवश्यक है। जहां बच्चों की जांच के साथ जरूरी दवाईयां मिलनी चाहिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, महिला बाल विकास अधिकारी टी.के. जाटवर, समस्त सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर, कार्यकर्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गर्भवती महिलाओं के लिए लगाएं काउंसिलिंग शिविर**

कलेक्टर सिंह ने गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच के साथ सही जीवन शैली के पालन की काउंसिलिंग के लिए विकासखंड स्तर पर शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी में लाभान्वित बच्चों की संख्या के बारे में जानकारी ली और सभी सीडीपीओ को अपने क्षेत्रों में काम बेहतर करने के निर्देश दिए।।

**कुपोषण मुक्त पंचायत होने पर गांव के जनप्रतिनिधि और आंगनबाड़ी स्टाफ होंगे सम्मानित**

कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान कुपोषण मुक्त पंचायत की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो पंचायत शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त होंगे, वहां के सरपंच, सचिव व आंगनबाड़ी स्टाफ को सम्मानित किया जाएगा।

# जिला जेल में महिला बंदियों के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**❍ विधिक साक्षरता शिविर में सभी बंदियों को दी गई जेल अदालत, राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्ली बार्गेनिंग की विधिक जानकारी**

**रायगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से लगाये जा रहे स्वास्थ्य शिविरों के अनुक्रम में 10 मार्च को छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ रमाशंकर प्रसाद के मार्गदर्शन में, महिला बैरक में प्रत्येक तिमाही में एक बार विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसके तारतम्य में आज जिला जेल रायगढ़ में महिला बंदियों के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 37 महिला बंदियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में सचिव स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ एवं चिकित्सक काकोली पटनायक, डॉ.योगेश पटेल, डॉ.कल्याणी पटेल, डॉ.राकेश वर्मा, एम.ओ. संतोष पाण्डेय, काउंसलर, रेणुका मानिकपुरी, एस.एन.,श्री सम्पत सिदार, एम.एल.टी., अमरलाल पटेल, एल.एम.टी., अंजली पटेल, ए.एन.एम. सुमीता मिंज, ए.एन.एम. उपस्थित रहे। जिनके द्वारा स्वास्थ्य शिविर में महिला बंदियों के गायनिक समस्याओं के साथ-साथ शुगर, बी.पी. हैपिटाइटिस, नेत्र आदि की जॉच की गई। साथ ही मनोचिकित्सक के द्वारा उनकी काउंसलिंग भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर का यह अनुक्रम आज दिनांक को भी पुरूष बंदियों के स्वास्थ्य जॉच हेतु जारी रहेगा। सचिव स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर लगाकर विचाराधीन बंदियों को 12 मार्च 2022 को आयोजित नेशनल लोक अदालत को देखते हुए, राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बंदियों को जेल अदालत एवं प्ली बार्गेनिंग से प्रकरणों के निराकरण के विधान से भी अवगत कराया गया।

# विद्युत प्रभावित ट्रांसफार्मर से डीपी उतार कर कीमती पार्ट्स चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 08.03.2022 को थाना छाल में छ.रा.वि.वि. कम्पनी लिमिटेट ऐडू की कनिष्ठ यंत्री ( वितरण ) कु. पूजा टोप्पो द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 05.03.2022 की दरम्यान रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्राम कुकरीचोली में कुरकुट नदी के पास जोबी घाट में लगे पम्प लाईन में लगा हुआ 01 नग 16kva ट्रांसफार्मर का DP उतार कर उसमें लगे HT बुसिंग को क्षतिग्रस्त कर खोलने का प्रयास किया गया जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, कम्पनी को इससे लगभग 50,000/- रूपये का नुकसान हुआ है। थाना छाल में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 82/2022 धारा 379 IPC, लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण



अधिनियम, 1984 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान आज दिनांक 10.03.2022 को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक प्रवीण मिंज को मुखबिर ने सूचना दिया कि ग्राम कुकरीचोली का भारत धनवार को कई बार रात में संदिग्ध घूमते देखा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ भेजकर संदेही भारत धनवार पिता दशरथ धनवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कुकरीचोली थाना छाल को तलब कर पूछताछ किया गया जिसने अपने साथी संजय कुमार धनवार पिता कार्तिक राम धनवार उम्र 29 वर्ष निवासी देहजरी थाना खरसिया एवं संजीव कुमार वासुदेव पिता होरीलाल वासुदेव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मौहापाली चौकी खरसिया थाना खरसिया जिला रायगढ़ के साथ मिलकर जुर्म करना कबूल किया है। आरोपियों के मेमोरंडम पर एक लोहे का प्लास, एक लोहे का हेक्साब्लैड की पत्ती तथा एक एल्युमिनियम का पाना जब्त किया गया है। छाल पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनांक 24/03/2022 तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कोविड से माता-पिता को खो चुके 17 बच्चों को कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लिया गोद, बच्चों को मिलेंगे एक-एक लाख रुपये

**❍ कलेक्टर भीम सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने लिया एक-एक बच्चे को गोद, देंगे आर्थिक सहयोग**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर जिला प्रशासन ने एक संवेदनशील पहल की है। रायगढ़ जिले के 17 ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु कोविड से हो गयी, उनके देख रेख में सहयोग प्रदान करने के लिए कलेक्टर भीम सिंह के साथ सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल व अन्य जिला अधिकारियों ने गोद लिया है। वे इन बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रतिवर्ष 10 हजार का आर्थिक सहयोग देंगे। साथ ही बच्चों के देख रेख, इलाज व अन्य आवश्यकताओं में भी मदद करेंगे। कलेक्टर सिंह ने इसके साथ ही इन बच्चों को रेडक्रॉस की ओर से 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा की। जिससे उनके परिजनों और रिश्तेदारों को बच्चों के पालन-पोषण में सहायता मिले। कलेक्टर सिंह व अन्य अधिकारियों ने आज इन बच्चों से सृजन सभा कक्ष में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

कलेक्टर सिंह ने सभी बच्चों एवं उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया यह अत्यंत दुखद है और इसकी भरपायी कर पाना इस जीवन काल में मुश्किल है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को पीएम केयर्स योजना से 23 साल के उम्र में उन्हें 10-10 लाख रुपये मिलेगा। साथ ही राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड से मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये अनुग्रह सहायता अनुदान राशि दी जा रही है एवं महतारी दुलार योजना के तहत कक्षा 12 वीं तक उन्हें उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए स्कूल में किसी भी तरह की फीस नहीं देना पड़ेगा एवं किताबें व ड्रेस भी मुहैय्या कराया जाएगा। साथ ही उन्हें अब एक-एक लाख रुपये रेडक्रास के माध्यम से दिया जाएगा। इसी के साथ रायगढ़ जिले के अधिकारी उनमें से एक-एक बच्चे को गोद भी लेंगे और 10 हजार रुपये की राशि का सहयोग बच्चों को देंगे। साथ ही अधिकारी उन बच्चों के लगातार संपर्क में रहेंगे एवं उनके इलाज व अन्य बुनियादी सुविधाओं व देखभाल में भी बच्चों की मदद करेंगे। इस दौरान उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का राशन कार्ड में नाम जोड़े एवं उन्हें प्राथमिकता से प्रतिमाह राशन दिलाए। कलेक्टर सिंह ने बच्चों से रूबरू होते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई के संबंध में उनसे जानकारी ली।

कुछ बच्चों ने बताया कि उनके स्कूल फीस माफ नहीं हो पायी है, जिसकी वजह से उनको पढ़ाई में दिक्कते जा रही है। कलेक्टर सिंह ने इस बात पर तुरंत कार्यवाही करते हुए शिक्षा विभाग को उनके स्कूल में फीस माफ कराने एवं उनके लिए स्कूल ड्रेस सहित कापी-पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरमकेला पुलिस की चोरी के टुल्लू पंप के साथ युवक को गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 10.03.2022 को बरमकेला पुलिस द्वारा चोरी की टुल्लू पंप के साथ युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । आज सुबह पेट्रोलिंग दौरान बरमकेला पुलिस के पेट्रोलिंग को मुखबिर से खरवानीपारा में रहने वाले राजेश चौधरी को चोरी की टुल्लू पंप छिपा कर रखने की सूचना दिया गया जिस पर पेट्रोलिंग के प्रधान आरक्षक द्वारा संदेही राजेश चौधरी को तलब कर पूछताछ किया गया। संदेही राजेश चौधरी टुल्लू पंप चोरी करना कबूल करना स्वीकार किया और फॉरेस्ट कार्यालय के पीछे बरमकेला से निकालकर एकावेल्स् कम्पनी का टुल्लू पंप कीमती 10,000 रूपये लाकर पेश किया। आरोपी राजेश चौधरी पिता बोधराम चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी लेन्धरजोरी थाना डोंगरीपाली हाल मुकाम खरवानीपारा बरमकेला पर थाना बरमकेला में धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। माल मशरूका की बरामदगी में प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय और आरक्षक नंद कुमार चौहान की अहम भूमिका रही है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में ग्रामीण युवाओं को मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा समिति रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण युवाओं हेतु मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण 1 से 8 मार्च तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन निदेशक विस्तार सेंवाये इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्याल रायपुर डॉ.आर. के.वाजपेयी के आतिथ्य में हुआ। डॉ.आर.के.वाजपेयी ने उद्बोधन में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मशरूम को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की आवश्यकता हैं क्योकि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। सर्वप्रथम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजी.आर.के.स्वर्णकार ने केन्द्र द्वारा प्रगतिरत कार्यो एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। कृषि महा.एवं अनु. केन्द्र, रायगढ़ के अधिष्ठाता महोदय डॉ.ए.के. सिंह ने मशरूम उत्पादन एवं उसके व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में बताया।

इस प्रशिक्षण में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकास-खण्ड के 28 ग्रामीण युवक व युवतियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी ने चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से ऑयस्टर मशरूम, पैरा मशरूम उत्पादन विधि की तकनीकी जानकारी दी। के.के.पैकरा वैज्ञानिक द्वारा बटन मशरूम के कम्पोस्टींग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ.एन.सी.बंजारा, वैज्ञानिक द्वारा जहरीले व खाने योग्य मशरूम की पहचान करना बताया गया। डॉ.चंद्रपॉल सिंह सोलंकी वैज्ञानिक द्वारा मशरूम उत्पादन हेतु पैरा उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। नीलकमल पटेल (प्रक्षेत्र प्रबंधक) के द्वारा प्रक्षेत्र में स्थित मशरूम उत्पादन इकाई के साथ-साथ फसल उत्पादन, गौशाला इकाई, केचुआ खाद इकाई आदि का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई। आशुतोष सिंह कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) ने क्राप डॉक्टर व ई-मार्केटिंग से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक के.डी.मंहत ने की। मशरूम उत्पादक व स्पान उत्पादक कृषक राजेश प्रधान, एक सफल उद्यमि राकेश जैसवाल से साक्षात्कार व प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

# रक्षा टीम कापू में आयोजित की अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**❍ मितानीन, महिला समूह एवं महिला स्वास्थ्यकर्मियों को किया गया महिला अपराधों के प्रति जागरूक**

**रायगढ़।** जिला पुलिस की महिला रक्षा टीम द्वारा चलाये जा रहे अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 10.03.2022 को धरमजयगढ़ विकासखंड अन्तर्गत कापू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजित कार्यक्रम के संदर्भ में थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक ए.के. बेक द्वारा क्षेत्र की मितानीन, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, महिला बाल विकास एवं स्थानीय महिला स्वास्थकर्मियों को आमंत्रित किया गया था।



रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, पुलिस की कार्यप्रणाली, घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। टीआई केरकेट्टा ने महिलाओं से कहा गया कि महिलाओं और युवतियों के छेड़खानी या घरेलू हिंसा को नजर अंदाज करने से ऐसे अपराध बढ़ते हैं। उन्होंन थाने या सखी सेंटर में घरेलू हिंसा और छेड़खानी जैसे अपराधों की शिकायत करना चाहिए कहा गया। साथ ही वे पारिवारिक मामलों का निस्तारण पारिवारिक सलाहकार केंद्र एवं रक्षा टीम कार्यालय आकर भी परामर्श लिया जा सकता है बताई। यही केरकेट्टा महिलाओं से कहा गया कि अपराध या हिंसा की जानकारी वह पुलिस में देंगी तभी अपराधियों को सजा मिल पायेगा और वह दोबारा अपराध करने के बारे में सोचेगा भी नहीं। इससे अपराध भी कम होगा और अपराधियों में डर भी पैदा होगा।

उन्होंने महिलाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल करने और अंजान लोगों से सोशल मीडिया पर जुड़ने एवं दोस्ती करने से बचने कहा गया।

टीआई केरकेट्टा द्वारा महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" की जानकारी देकर में गूगल प्ले स्टोर के जरिये महिलाओं के मोबाइल पर "अभिव्यक्ति ऐप" इंस्टाल कराने कहा गया और इसके उपयोग बताई कि घरेलू हिंसा, मारपीट, छेडखानी या अन्य विपत्ति के समय SOS बटन के दबाते यूजर के लोकेशन पर पुलिस सहायता के लिये पहुंच जायेगी। इस ऐप के जरिए कहीं से भी महिलाएं युवती अपनी शिकायत टाईप कर या लिखित शिकायत अपलोड कर भेंज सकती है जो संबंधित पुलिस अधिकारी तक पहुंचेगी, जिसका जांच अधिकारी को 7 दिवस के समयसीमा में निराकरण करेंगे। कार्यक्रम में कापू थाना प्रभारी उनके स्टाफ तथा रक्षा टीम की सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक रोजमेरी खेस और इंदु लता एक्का उपस्थित थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480